17/07/1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2017

नाम – .... अनुक्रमांक – ....

कुल समयः 1 घंटा | कक्षा-7 | कुल अंकः 100

निर्देशः 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) भरिए।
2) एक उत्तर के लिए दो गोले भरने व गलत उत्तर देने पर नकारात्मक (-2) अंक दिए जाएँगे।
3) प्रत्येक प्रश्न 4 अंक और प्रत्येक खंड 2 अंक का है।
4) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

प्रश्न 1. रेखांकित शब्द का सही अर्थ बताइए–

(क) पंछी के <u>पर</u> उड़ने में उनकी मदद करते हैं।

1. परंतु ○ 2. पंख ○ 3. दोनों ○

(ख) इस प्रश्न का <u>उत्तर</u> बहुत कठिन है।

1. एक दिशा ○ 2. जवाब ○ 3. दोनों ○

प्रश्न 2. उचित कारक चिह्न पहचानो–

(क) जीतू <u>पार्क में</u> खेल रहा है।

1. अधिकरण कारक ○ 2. संबंध कारक ○ 3. करण कारक ○

(ख) आलिया <u>साइकिल से</u> आई है।

1. करण कारक ○ 2. संबंध कारक ○ 3. अपादान कारक ○

प्रश्न 3. सही सर्वनाम शब्द चुनिए।

(क) ....व्यायाम करके स्वस्थ रहते हैं।

1. वह ○ 2. तुम ○ 3. हम ○

(ख) ....माता-पिता बहुत अच्छे हैं।

1. उसके ○ 2. तुम ○ 3. हम ○

प्रश्न 4. (क) नीम की दातुन होती है ....

1. लाल ○ 2. काली ○ 3. कड़वी ○

(ख) मुझे दूध चाहिए–

1. एक किलो ○ 2. एक लीटर ○ 3. एक मीटर ○

प्रश्न 5. रेखांकित शब्द क्या है? बताइए–

(क) बच्चा बिस्तर पर <u>सो रहा है</u>।

1. कर्म ○ 2. क्रिया ○ 3. कर्ता ○

(ख) धोबी कपड़े धो रहा है।

1. कर्म ○ 2. क्रिया ○ 3. कर्ता ○

प्रश्न 6. क्रिया-विशेषण का भेद बताइए–

(क) चाय में चीनी कम डालो।

1. कालवाचक ○ 2. परिमाणवाचक ○ 3. स्थानवाचक ○

(ख) बच्चे बाहर खेल रहे हैं।

1. स्थानवाचक ○ 2. कालवाचक ○ 3. रीतिवाचक ○

प्रश्न 7. तद्भव शब्द लिखिए–

(क) घृत– 1. दही ○ 2. दूध ○ 3. घी ○

(ख) काष्ठ– 1. काठ ○ 2. लकड़ी ○ 3. पत्ता ○

प्रश्न 8. उचित विलोम शब्द का गोला भरिए–

(क) निर्मल– 1. विमल ○ 2. मलिन ○ 3. अमल ○

(ख) शुष्क– 1. सूखा ○ 2. नीरस ○ 3. आर्द्र ○

प्रश्न 9. ठीक पर्याय ढूँढ़िए–

(क) मनुष्य– 1. दानव ○ 2. मानव ○ 3. दैत्य ○

(ख) घर– 1. वन ○ 2. उपवन ○ 3. निकेतन ○

प्रश्न 10. (क) 'गायक' का स्त्रीलिंग शब्द है-

1. गवैया ○ 2. गायिका ○ 3. गायकी ○

(ख) 'सम्राट' का स्त्रीलिंग है-

1. सम्राटिन ○ 2. सम्राटी ○ 3. साम्राज्ञी ○

प्रश्न 11. (क) वचन हमें बोध कराते हैं-

1. अनेक होने का ○ 2. किसी बात का ○ 3. एक या अनेक होने का ○

(ख) हिंदी में वचन होते हैं-

1. दो ○ 2. तीन ○ 3. चार ○

प्रश्न 12. (क) जिसका मूल्य चुकाया न जा सके–

1. बहुमूल्य ○ 2. अमूल्य ○ 3. कीमती ○

(ख) जिसकी उपमा न दी जा सके–

1. अनुपम ○ 2. अनूठा ○ 3. अद्‌वितीय ○

प्रश्न 13. उचित अर्थ का गोला (●) भरिए।

(क) कपट-कपाट 1. दरवाजा-छल ○ 2. दरवाजा- सिर ○ 3. छल- दरवाजा ○

(ख) अनिल- अनल 1. आग- जंगल ○ 2. वायु- आग ○ 3. वायु- आकाश ○

हिंदी विकास मंच

नाम – .... अनुक्रमांक – ....

प्रश्न 14. (क) किस शब्द में 'नि' उपसर्ग नहीं हैं

1. निगम ○ 2. निवास ○ 3. निर्धन ○

(ख) 'सम्मान' शब्द में उपसर्ग है-

1. सं ○ 2. सम् ○ 3. स ○

प्रश्न 15. (क) किस शब्द में दो प्रत्यय हैं?

1. धार्मिक ○ 2. सामाजिकता ○ 3. पारिवारिक ○

(ख) 'रिश्वत' शब्द के लिए सही प्रत्यय चुनिए–

1. दार ○ 2. साज ○ 3. खोर ○

प्रश्न 16. उचित विकल्प का गोला भरिए–

(क) सर्वज्ञ–

1. जो ज्ञानी न हो ○ 2. जो सब कुछ जानता हो ○ 3. जो कुछ न जानता हो ○

(ख) अभियुक्त–

1. जो मुकदमा करे ○ 2. जो न्याय करे ○ 3. जिस पर मुकदमा चल रहा हो ○

प्रश्न 17. (क) 'नीलकंठ' में प्रयुक्त समास है–

1. तत्पुरुष ○ 2. बहुब्रीहि ○ 3. द्वंद्व ○

(ख) 'आमरण' में प्रयुक्त समास है–

1. अव्ययीभाव ○ 2. बहुब्रीहि ○ 3. द्विगु ○

प्रश्न 18. (क) राम..............................लक्ष्मण भी चले गए।

1. के बिना ○ 2. के द्वारा ○ 3. के संग ○

(ख) कानून..कार्य मत करो।

1. के अनुसार ○ 2. के विरुद्ध ○ 3. के द्वारा ○

प्रश्न 19. (क) खेल आरंभ नहीं हो सका....................................वर्षा हो रही थी।

1. इसलिए ○ 2. बल्कि ○ 3. क्योंकि ○

(ख) अधिक परिश्रम करो.....................................सफल हो जाओ।

1. ताकि ○ 2. क्योंकि ○ 3. और ○

प्रश्न 20. रेखांकित विराम चिह्न का भेद बताइए–

(क) हाय! बेचारा गिर पड़ा।

1. योजक ○ 2. निर्देशक ○ 3. विस्मयादिबोधक ○

(ख) मसूरी, मनाली और शिमला पहाड़ी स्थल हैं- वाक्य के अंत में प्रयुक्त चिह्न होगा-

1. अल्पविराम ○ 2. पूर्ण विराम ○ 3. अद्‌र्ध-विराम ○

प्रश्न 21. सही विकल्प का गोला (●) भरिए–

(क) भाषा के द्‌वारा आदान प्रदान होता है-

1. नियमों का ○ 2. व्याकरण का ○ 3. विचारों का ○

(ख) गद्‌य तथा पद्‌य संबंधित हैं-

1. व्याकरण से ○ 2. साहित्य से ○ 3. मानक रूप से ○

प्रश्न 22. (क) संधि मेल है-

1. दो स्वरों का ○ 2. दो व्यंजनों का ○ 3. दो वर्णों का ○

(ख) गुण संधि भेद है-

1. विसर्ग संधि का ○ 2. स्वर संधि का ○ 3. व्यंजन संधि का ○

प्रश्न 23. उचित विकल्प का गोला (●) भरिए–

(क) शिक्षा + अर्थी– 1. शिक्षारथी ○ 2. शिक्षर्थी ○ 3. शिक्षार्थी ○

(ख) प्रति + एक– 1. प्रतेक ○ 2. प्रत्येक ○ 3. प्रत्यैक ○

प्रश्न 24. हिन्दी महीनों का सही क्रम भरो–

(क) चैत्र (चैत), बैसाख, ज्येष्ठ (जेठ), ...

1. फाल्गुन (फागुन) ○ 2. आषाढ़ ○ 3. श्रावण (सावन) ○

(ख) पौष, माघ, ...

1. कार्तिक ○ 2. चैत्र ○ 3. फाल्गुन (फागुन) ○

प्रश्न 25. काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर का गोला (●) भरिए।

चारु चंद्र की चंचल किरणें, खेल रही हैं जल थल में,
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है, अवनि और अंबर तल में,
पुलक प्रकट करती है धरती, हरित तृणों की नोकों से,
मानो तरु भी झूम रहे हैं, मंद पवन के झोंकों से।

(क) चाँदनी कहाँ बिछी हुई हैं?

1. सागर में ○ 2. आकाश में ○ 3. धरती और आकाश दोनों पर ○

(ख) पेड़ क्यों झूम रहे हैं?

1. चाँदनी के कारण ○ 2. प्रसन्नता के कारण ○ 3. हवा के मंद झोंकों के कारण ○